सार-समाचार

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने शपथ ली

कोटा, (निसं)। जेसीआई ऐलीगेंस की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गुरूवार को तलवंडी स्थित एक निजी परिसर में आयोजित किया गया। जेसीआई के जोनल उपाध्यक्ष मोहित जैन तथा पूर्व अध्यक्ष विभोर लोढ़ा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष गुनजीत जौहर, सचिव मनदीप साहनी, कोषाध्यक्ष कल्पना विजय सहित सम्पूर्ण कार्यकारिणी को मानव सेवा में समर्पित रहने की शपथ ग्रहण करवाई। जेसीआई एलीगेंस द्वारा इस वर्ष किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए अध्यक्ष गुनजीत जौहर ने बताया कि क्लब इस वर्ष 'राइस अप' थीम पर कार्य करेगा। इस थीम के तहत समाज उत्थान के कई प्रोजेक्ट्स हाथ में लिए जाएंगे जिनका एक मात्र उद्देश्य महिला सशक्तिकरण और वंचित वर्ग का कल्याण होगा। मेंटर ज्योति सारा, डॉ. मेघना शेखावत तथा याशिका विजय ने बताया क्लब इस वर्ष एक नई ऊर्जा से कार्य करेगा। इसके तहत स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण दिलवाने के साथ ऐसे युवाओं को भी आर्थिक संबल दिलवाया जाएगा जो खुद के पैरों पर खड़ा होना चाहते हैं। इस अवसर पर जेसीआई ऐलीगेंस परिवार के सदस्य तथा जेसीआई के अन्य चैप्टर्स के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। 'अप्रेल में करेंगे शॉपिंग कार्निवल'महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए जेसीआई एलीगेंस 18 व 19 अप्रेल को शॉपिंग कार्निवल का भी आयोजन करेगा। इस कार्निवाल में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं, महिला उद्यमियों और महिलाओं के नेतृत्व में काम कर रहे स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान इस आयोजन के पोस्टर का भी विमोचन किया गया।

प्लांट का शैक्षिणक भ्रमण किया

छबड़ा (निसं)।पीएमश्री उच्च प्राथमिक विधालय रुपारेल के बच्चों ने मोतीपुरा थर्मल प्लांट का भ्रमण किया। भ्रमण दल को भूलोन पीईईओ बुद्धिप्रकाश बैरवा और प्रधानाध्यापक प्रकाश गुर्जर ने हरी झंडी दिखा के रवाना किया।प्लांट के सहायक अभियंता मनीष नैन ने बच्चों को विधुत उत्पादन, पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी गयीं,साथ ही भ्रमण के दौरान बालकों ने,थर्मल पॉवर प्लांट की कार्यप्रणाली जानी। भ्रमण में विधालय के 57 बच्चों ने भाग लिया। भ्रमण के दौरान प्रभारी नरेंद्र कुमार, व्यवस्थापक मनमोहन शर्मा और राजू बाई मीणा आदि उपस्थित रहे।

सूर्या घर योजना का शिविर आज

छबड़ा (निसं)। कस्बे के विधुत विभाग सहायक अभियंता कार्यालय में शुक्रवार को सूर्या घर योजना का शिविर आयोजित किया जाएगा। सहायक अभियंता मोहम्मद अंसार के अनुसार सहायक अभियंता कार्यालय छबड़ा में शुक्रवार को सूर्या घर योजना के तहत शिविर आयोजित किया जाएगा।

जिला कलेक्टर ने कोचिंग विद्यार्थियों से संवाद किया

कोटा, (निसं)। कोटा में अध्ययनरत कोचिंग छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और सफलता की राह को आसान बनाने के लिए जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने 'कामयाब कोटा' और 'कोटा केयर्स' पहल के तहत कोचिंग संस्थानों के छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया। इस दौरान कोचिंग विद्यार्थियों ने अपनी शंकाएं, भय और असफलताओं के बारे मे खुलकर बात की, जिस पर कलेक्टर ने अपने व्यक्तिगत अनुभवों और प्रेरक उदाहरणों के माध्यम से समाधान सुझाए।

सफलता के लिए अनुशासन और सही रणनीति जरूरी:- छात्रों को प्रेरित करते हुए डॉ.गोस्वामी ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए अनुशासन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अपने खुद के अनुभव साझा करते हुए बताया कि पीएमटी के पहले प्रयास में असफल होने के बाद उन्होंने आत्ममंथन किया और यह समझा कि सिर्फ मेहनत ही नहीं, बल्कि सही रणनीति भी सफलता के लिए आवश्यक है। उन्होंने परीक्षा की तैयारी के लिए 80:20 रूल अपनाने की सलाह दी, जिसमें पुराने प्रश्नपत्रों और सिलेबस का विश्लेषण कर महत्वपूर्ण टॉपिक्स पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।

उन्होंने आइजेन हॉवर मैट्रिक्स को सरल शब्दों में समझाते हुए कहा कि परीक्षा में और जीवन में क्या करना है से अधिक महत्वपूर्ण है क्या नहीं करना है। जब यह स्पष्ट हो जाता है, तो सफलता निश्चित होती है। परीक्षा पैटर्न में बदलाव पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि किसी भी बदलाव का प्रभाव सभी छात्रों पर समान रूप से पड़ता है, इसलिए इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है।

मॉक टेस्ट से सीखें, असफलता से न घबराएं:- जिला कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा से कुछ महीने पहले से ही नियमित मॉक टेस्ट देने और विशिष्ट प्रश्नों को हल करने की आदत डालनी चाहिए। यदि मॉक टेस्ट या कक्षा में प्रदर्शन अच्छा नहीं आ रहा, तो घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यही गलतियां वास्तविक परीक्षा में सुधार में मदद करेंगी।

उन्होंने छात्रों से अपने माता-पिता के साथ संवाद बनाए रखने की अपील की और कहा कि हर छात्र को दिन में कम से कम एक बार अपने परिवार से अवश्य बात करनी चाहिए, क्योंकि माता-पिता ही उनके सबसे बड़े शुभचिंतक होते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि जिंदगी खूबसूरत है, इसे तनाव में उलझाने की आवश्यकता नहीं है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी

कोटा, (निसं)। शहीद दिवस के अवसर पर गांधी उद्यान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान महात्मा गांधी के प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम' और 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' की प्रस्तुति हुई, जिससे पूरा माहौल गांधीमय हो उठा। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में कोटा दक्षिण महापौर राजीव अग्रवाल, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ममता तिवारी, नगर निगम दक्षिण आयुक्त अनुराग भार्गव, अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) कृष्णा शुक्ला, नगर निगम उत्तर आयुक्त अशोक त्यागी, उपनिदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग मो. मुस्तफा शेख, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी के.के.शर्मा, सहायक जनसंपर्क अधिकारी आकांक्षा शर्मा, एनयूएलएम की जिला प्रबंधक हेमलता गांधी सहित कई जिला स्तरीय अधिकारियों और गांधीवादी विचारकों ने दो मिनट का मौन रखा।

सार-समाचार

देवनारायण भगवान का अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा

कोटा, (निसं)। श्री देवनारायण मंदिर केशवपुरा एवं श्री देवसेना के तत्वाधान में भगवान देवनारायण के अवतरण दिवस की भव्य शोभायात्रा का आयोजन 4 फरवरी 2025 मंगलवार को किया जा रहा है। श्री देवसेना प्रदेशअध्यक्ष मनोहर कुवाड़ा ने बताया कि ये शोभायात्रा केशवपुरा से होते हुए महावीर नगर चौराहा घटोत्कच्छ चौराहा से अग्निशमन रोड़ होते हुए वापस केशवपुरा देवनारायण मंदिर पहुंचेगी। इस शोभायात्रा में बाहर से आये हुए अखाड़े हैरतअंगेज प्रदर्शन करेंगे, भव्य झांकिया, राधाकृष्ण का मयूर नृत्य, शिवशंकर का अघोरी नृत्य, गुर्जर समाज का सुप्रसिद्ध गैर नृत्य तथा गुर्जर समाज के युवाओं द्वारा हत्था माला जैसे प्रदर्शन किए जाएंगे। शोभायात्रा में गुर्जर समाज की युवतियां पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए जाएंगी। इस शोभायात्रा को लेकर आयोजन समिति के सदस्य हाड़ौती के ग्रामीण क्षेत्रो और कोटा शहर के लोगो को शोभायात्रा में आने के लिए पीले चावल और शोभायात्रा का पोस्टर देकर निमंत्रण दे रहे है। शोभायात्रा के अंत में भण्डारे का आयोजन किया जाएगा ये भण्डारा पूर्णत: प्लास्टिक मुक्त होगा इसमे किसी भी प्रकार का प्लास्टिक के बर्तन, पानी के गिलास का उपयोग नहीं किया जाएगा। शोभायात्रा के समापन के बाद प्रतिभा सम्मान समारोह का किया जाएगा इसमें गुर्जर समाज के वे छात्र-छात्राएं जिन्होने बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत और 2024 की राजकीय सेवा में नियुक्ति प्राप्त करने वाले युवक-युवतियों का सम्मान किया जाएगा।

छह जुआरी गिरफ्तार

छबड़ा (निसं)। बापचा पुलिस ने जुआ सट्टा विरोधी अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए ताश के पत्तो से जुआ खेल रहे 6 आरोपियो को गिरफ्तार कर 10 हज़ार रुपये से अधिक की जुआ राशि ज़ब्त की। थानाधिकारी बुद्धराम जाट ने बताया कि 29 जनवरी को रात्री में उनके नेतृत्व में पुलिस टीम ने जैपला में ताश के पत्तो पर रुपयो का दाव लगाकर जुआ खेलते हुए सुमेर सिह राजपुत निवासी जेपला, कोमल सिह पुत्र जगदीश सिह राजपुत निवासी जेपला, बहादुर सिह लोधा निवासी कोटरापार, पालु उर्फ ज्ञान सिंह राजपूत निवासी जैपला, विकास राजपुत निवासी जेपला व पवन तंबोली निवासी जैपला को डिटेन कर 10 हज़ार 530 रुपये की जुआ राशि व ताश के पत्ते जप्त कर प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस टीम थानाधिकारी एएसआई साहब सिंह, हैड कांस्टेबल कंपोटर सिंह, कांस्टेबल सुरजीत, कांस्टेबल अंकित, कांस्टेबल मनीष, कांस्टेबल कैलाश व कांस्टेबल बसराम आदि शामिल रहे।

हॉस्टल एवं पीजी का डाटा बैंक तैयार, अभी तक 2400 हॉस्टल एवं पीजी संचालकों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया

कोटा, (निसं)। कोटा में सभी हॉस्टल एवं पीजी के रजिस्ट्रेशन के लिए जिला प्रशासन द्वारा ऑनलाइन लिंक जारी किया गया है। अभी तक लगभग 2400 हॉस्टल एवं पीजी संचालकों ने अपना ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कराया है। इससे जिला प्रशासन के पास सभी हॉस्टलों एवं पीजी का एक विस्तृत डाटा बैंक उपलब्ध होगा, जिससे पुलिस और जिला प्रशासन को हॉस्टल एवं पीजी संचालकों से संवाद कायम करने में आसानी होगी। ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 है। जिला प्रशासन ने सभी हॉस्टल एवं पीजी संचालकों से आग्रह किया है कि अंतिम तिथि से पहले ऑनलाईन लिंक पर जाकर पंजीयन करा लें। उल्लेखनीय है कि कोटा में पीजी एवं हॉस्टल की संख्या काफी अधिक है। ऐसे में उनका ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने से सटीक जानकारी मिल सकेगी। हॉस्टल एवं पीजी का डाटा बैंक पर उपलब्ध जानकारी के माध्यम से सभी संचालकों को गेट कीपर ट्रेनिंग एवं अन्य दिशा-निर्देशों की पालना की जानकारी आसानी से दी जा सकेगी।

पिछले दिनों महावीर नगर, कुन्हाडी, विज्ञान नगर एवं जवाहर नगर पुलिस थानों में पीजी एवं हॉस्टल संचालकों के साथ जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें उन्हें बताया गया था कि हॉस्टल एवं पीजी का रजिस्ट्रेशन क्यों अनिवार्य है। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी पीजी एवं हॉस्टल संचालक गेट कीपर ट्रेनिंग करें तथा राज्य सरकार के सभी दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। कोचिंग विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन को प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन ने गेट कीपर ट्रेनिंग कार्यक्रम शुरू किया है। इसके तहत सभी हॉस्टल संचालकों की कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं, जिसमें छात्रों के व्यवहार में संभावित बदलाव, तनाव के कारण होने वाले मानसिक प्रभाव और प्रारंभिक स्तर पर तनाव को पहचानने के तरीकों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यदि कोई छात्र मानसिक तनाव में आता है या उसके व्यवहार में कोई असामान्यता दिखती है, तो प्रशासन, पुलिस और परिवारजन समय रहते सकारात्मक हस्तक्षेप कर सकें और किसी भी दुष्परिणाम को रोका जा सकें।

गेट कीपर ट्रेनिंग के तहत प्रशासन प्रत्येक हॉस्टल संचालक को प्रशिक्षित कर रहा है, जिससे कोटा आने वाले छात्रों को सुरक्षित, तनाव-मुक्त और सहयोगी वातावरण मिल सके। इस पहल के माध्यम से छात्रों को अपनी परेशानियां खुलकर साझा करने का एक मंच भी मिलेगा। जिला प्रशासन द्वारा 27 जनवरी से आयोजित की जा रही गेट कीपर ट्रेनिंग के तहत अभी तक 2000 लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 17.02.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

भरतपुर, भरतपुर, 138080730014123, भरतपुर राजस्थान, 135690730039842, भरतपुर, 138000700001949, कोटा, गुमान पुरा, 112700700033944, 4045, 4047, 4054, 112700730060016, 0206, 0207, 0215, केशवपुरा कोटा, 114320730044163, कोटा जंक्शन, 112630700028243, 8263, 8341, 8367, 8373, 8379, 112630730040470, 0489, 0573, 0619, नयापुरा कोटा, 112380700026801, 6805, 6822, 6842, 6848, 112380730036515, 6520, सवाई माधोपुर, सवाई माधोपुर, 135230730047002,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-1815 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-9.1.25

कार्यालय नगर विकास न्यास कोटा द्वारा भूखंड/आवास संख्या 61 योजना वीरसावरकर नगर में आवंटन/हस्तान्तरण न्यास के पत्र दिनांक 13.08.1994 को श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री राम सिंह नाम से आवंटन किया गया था। आवंटी श्री विरेन्द्र सिंह की मृत्यु दिनांक 04.03.2008 को हो चुकी है। मृत्यु उपरांत आवंटी के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिसान शपथ पत्र, शपथ पत्र, आई.डी. पत्र, वसीयत इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखंड/आवास में निहित अपने हिस्से का नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: प्राप्त विधिक राय अनुसार जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 61 योजना वीरसावरकर नगर का नाम हस्तांतरण श्रीमती आशा कंवर पत्नी श्री देवेन्द्र सिंह के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/707 दिनांक:-28.1.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा आवास संख्या 406 श्रीरामकृष्णपुरम-ई आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 330 दिनांक 14.12.2001 को श्री पूरण चन्द महावर पुत्र श्री गणेश लाल महावर के नाम आवंटन किया गया था। श्री पूरण चन्द महावर पुत्र श्री गणेश लाल महावर द्वारा उक्त आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री शोभराज लालवानी पुत्र श्री गजानंद लालवानी द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 07.03.2018 को श्री प्रेम राज कुशवाह पुत्र श्री रामरतन कुशवाह को विक्रय कर दिया गया है। अत: श्री प्रेम राज कुशवाह पुत्र श्री रामरतन कुशवाह द्वारा उक्त आवास का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 406 श्रीरामकृष्णपुरम-ई आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री प्रेम राज कुशवाह पुत्र श्री रामरतन कुशवाह के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 4732 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 24.1.25

आवास संख्या 1-द-9 केशवपुरा कोटा का आवटन मंडल द्वारा श्री शफी मोहम्मद पुत्र श्री शमशुद्दीन को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती सीता पत्नी श्री सेवूमल के नाम दिनांक 28.09.1999 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती सीता पत्नी श्री सेवूमल के नाम दिनांक 29.09.1999 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती सीता पत्नी श्री सेवूमल की मृत्यु दिनांक 10.10.2021 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्री निर्मल गेलानी पुत्र स्व. श्री सेवूमल (सव्मल) द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्सों का त्याग जरिये रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 20.06.2024 को श्रीमती कंचन हासवानी पत्नी श्री गिरधारी लाल पुत्री स्व. श्री सेवूमल (सव्मल) के पक्ष में किया गया। श्रीमती कंचन हासवानी पत्नी श्री गिरधारी लाल पुत्री स्व. श्री सेवूमल (सव्मल) द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-द-9 केशवपुरा कोटा का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर श्रीमती कंचन हासवानी पत्नी श्री गिरधारी लाल पुत्री स्व. श्री सेवूमल (सव्मल) के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती कंचन हासवानी पत्नी श्री गिरधारी लाल पुत्री स्व. श्री सेवूमल (सव्मल) के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती कंचन हासवानी पत्नी श्री गिरधारी लाल पुत्री स्व. श्री सेवूमल (सव्मल) के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला -चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/नपारा/भूमि/2024-25/5310 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक:-30.1.25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती जमीला बानू पत्नी श्री जैनुल आबेदीन निवासी रावतभाटा ने आवेदन प्रस्तुत कर नया बाजार आवासीय योजना अन्तर्गत आवंटित आवासीय भूखंड संख्या 130 साईज 40x50 क्षेत्रफल 2000 वर्गफीट जो नया बाजार भूमि आवंटन समिति की ओर से अधिशाषी अभियन्ता राणा प्रताप सागर एवं भण्डार खण्ड रावतभाटा द्वारा श्रीमती मनोरमा देवी पत्नी श्री रामशंकर शर्मा निवासी रावतभाटा को इकरारनामे के तहत लीज होल्ड के आधार पर इकरार दिनांक 24.07.1984 के अंतर्गत लाईसेन्स (पट्टा) क्रमांक 2546 दिनांक 24.07.1984 से इकरारनामें में उल्लेखित शर्तों के अधीन आवंटित की गई थी। इसके उपरांत आवंटी द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 06.03.1993 को श्रीमती सुषमा देवी पत्नी श्री श्याम नारायण सक्सेना निवासी कोटा एवं श्रीमती रानी देवी पत्नी श्री सूर्यनारायण सक्सेना निवासी रावतभाटा को संयुक्त रुप से विक्रय किया गया। श्रीमती सुषमा देवी की मृत्यु दिनांक 28.08.2008 एवं श्रीमती रानी देवी सक्सेना की मृत्यु दिनांक 05.12.2012 को हो जाने के उपरांत उनके वैध वारिसान (श्रीमती कमलेश सक्सेना पत्नी श्री नरेश लोठिया निवासी रावतभाटा एवं श्री श्याम नारायण सक्सेना पिता श्री रामनारायण सक्सेना निवासी कोटा) के द्वारा उक्त रिक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 02.07.2024 से आवेदक श्रीमती जमीला बानू पत्नी श्री जैनुल आबेदीन निवासी रावतभाटा को विक्रय किया गया, जिसके प्राप्त स्वामित्व के अधिकारों के तहत आवेदक के नाम से इस कार्यालय में उक्त आवासीय भूखंड का नामान्तरण/हस्तान्तरण दर्ज किए जाने हेतु स्व: प्रमाणित दस्तावेजों की प्रतियों प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है।

अत: प्रस्तुत दस्तावेजों व राज्यादेशों एवं नियमों के तहत इस निर्मित आवासीय भूखंड का नामान्तरण/हस्तान्तरण उपरोक्तानुसार दर्ज किए जाने में किसी हितधारी व्यक्ति/विभाग/संस्था/बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन से 07 (सात) दिवस के अन्दर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मय साक्ष्य सबूत के अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। आपत्ति अवधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/16433 दिनांक: 30.1.25

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजीव गुप्ता पुत्र स्व. श्री गिर्राज प्रसाद गुप्ता निवासी आवास संख्या 215-216 सन सिटी महालक्ष्मी नगर इन्दौर मध्यप्रदेश ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 12 दशहरा योजना कोटा क्षेत्रफल 1800 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। भूखंड संख्या 12 दशहरा योजना कोटा क्षेत्रफल 1800 वर्गफुट का आवंटन कार्यालय मण्डी कमेटी, चम्बल परियोजना कोटा द्वारा पत्र क्रमांक लेखा/मण्डी/3227 दिनांक 06.10.1969 से श्री रामचरण विजय पुत्र श्री धूली लाल विजय को किया गया। श्री रामचरण विजय ने जर्ये रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 19.01.1980 से उक्त भूखंड श्री चन्दन मल पुत्र श्री फूलचन्द को विक्रय कर दिया। श्री चन्दन मल ने जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 30.06.1981 से उक्त भूखंड श्री शंकर लाल पुत्र श्री रामगोपाल एवं श्रीमती दाखा बाई पत्नी श्री बंशी लाल को विक्रय कर दिया। श्री शंकर लाल एवं श्रीमती दाखा बाई ने उक्त भूखंड कुल क्षेत्रफल 1800 वर्गफुट में से 810 वर्गफुट भाग जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 06.04.1984 से तथा शेष 990 वर्गफुट भाग जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 09.04.1980 से श्री मुरलीशाम नाबालिग एवं श्री तीरथ दास नाबालिग पुत्र श्री हीरा लाल कुदरती वली माता स्वयं श्रीमती रामस्वरुपी बाई पत्नी श्री हीरालाल को विक्रय कर दिया। श्रीमती रामस्वरुपी कुदरती संरक्षक नाबालिग पुत्र श्री मुरलीशाम एवं श्री तीरथदास ने उक्त संपूर्ण भूखंड क्षेत्रफल 1800 वर्गफुट जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 26.11.1990 से श्री गिर्राज प्रसाद गुप्ता पुत्र स्व. श्री भगवान सहाय गुप्ता को विक्रय कर दिया। श्री गिर्राज प्रसाद गुप्ता का देहावसान दिनांक 12.08.2017 को हो जाने के उपरांत श्री गिर्राज प्रसाद गुप्ता के विधिक वारिसान सीमा शाह पुत्री स्व. श्री गिर्राज प्रसाद गुप्ता एवं अनिता पुत्री स्व. श्री गिर्राज प्रसाद गुप्ता ने उक्त भूखंड में से स्वयं का हक जर्ये रजिस्टर्ड रिलीज डीड दिनांक 02.01.2025 से श्री राजीव गुप्ता पुत्र स्व. श्री गिर्राज प्रसाद गुप्ता के पक्ष में त्याग दिया। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

वांछित आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। कोटा कुन्हाड़ी पुलिस टीम ने कार्वाई करते हुए 29 किलो नकली चांदी की सिल्ली देकर धोखाधड़ी कर सोने की ठगी करने का मुख्य आरोपी मोहित वर्मा को गिरफ्तार किया है।

नाम परिवर्तन

पासपोर्ट नं. M1186914 में मेरा नाम NAVEEN TIWARI है। जबकी बाकी सभी दस्तावेजों में मेरा नाम NAVEEN KUMAR TIWARI है जो सही है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। नवीन कुमार तिवारी पुत्र कमलेश कुमार तिवारी, रंगतालाब न्यू बस्ती नहर के पास कोटा जक्शन, कोटा राजस्थान

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रहलाद चौपड़ा पुत्र लादूराम की खरीद शुदा सम्पत्ति भूखंड संख्या 39 गिरधर एन्कलेव कुन्हाड़ी कोटा में स्थित है। प्रहलाद चौपड़ा पुत्र लादूराम के द्वारा एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त सम्पत्ति के समस्त असल दस्तावेजात एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड में रहन कर रखे है। प्रहलाद चौपड़ा पुत्र लादूराम का दिनांक 06.08.2019 को देहान्त हो चुका है। प्रहलाद चौपड़ा पुत्र लादूराम के पुत्र रवि चौपड़ा ने जाहिर किया है कि उनके अतिरिक्त स्व. प्रहलाद चौपड़ा पुत्र लादूराम की पत्नी श्रीमती गोपाली चौपड़ा व पुत्र जितेन्द्र चौपड़ा एवं पुत्री हेमलता चौपड़ा ही विधिक वारिसान है इनके अतिरिक्त प्रहलाद चौपड़ा पुत्र लादूराम के अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है। उक्त सम्पत्ति के पेटे लिए हुए ऋण की पूर्ण अदायगी एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड को की जा चुकी है। प्रहलाद चौपड़ा पुत्र लादूराम के पुत्र रवि चौपड़ा उक्त सम्पत्ति के समस्त असल दस्तावेज को प्राप्त करना चाहते है। यदि इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता या एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड शाखा विज्ञान नगर कोटा के समक्ष लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद सूचना कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक : 30.01.2025

संदीप जैन एडवोकेट
583-ए तलवण्डी, कोटा
मो. 9829180432

प्रारुप 7
नियम 11 (1)

घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 13 (1) के अधीन हाजिर होने के लिए सूचना

न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू.डि. महोदय, ललितपुर उत्तर प्रदेश

मु. 140/25 (F.T.C.)

पुलिस थाना कोतवाली, ललितपुर उत्तर प्रदेश मामले में

सुश्री श्रीमती दिपाली परिवादी

बनाम

सुश्री/श्री वरुण जैन आदि प्रत्यर्थी

प्रेषिती 1. वरुण जैन पुत्र वीरेन्द्र जैन
2. वीरेन्द्र जैन पुत्र स्व. हीरालाल जैन
3. श्रीमती सरोज W/o वीरेन्द्र जैन

समस्त नि.- B-411, इन्द्रविहार कॉलोनी, कोटा थाना व जिला कोटा, राजस्थान

याची ने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 (2005 का 43) की धारा 12 DV Act के अधीन आवेदन फाइल किया है।

आपको यह कारण बताते के लिए क्यों न आवेदक द्वारा माँगे गये अनुतोष (अनुतोषो) को आपके विरूद्ध प्रदान कर दिया जाय व्यक्तिगत रूप से या इस न्यायालय द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत काउंसिल के मार्फत तारीख 15 माह 02 सन 2025 को 10.00 बजे पूर्वाहन/ अपराहन में इस न्यायालय के समक्ष हाजिर होने का निर्देश दिया जाता है इसमें असफल होने पर न्यायालय एकपक्षीय कार्यवाही करेगा।

मेरे हस्ताक्षर और...... न्यायालय की मुद्रा के अधीन तारीख 24.01.25 को दी गई।

(मोहर) मुंसरिम सिविल जज (जू.डि.) त्वरित न्यायालय, ललितपुर

रोजगार सहायता शिविर संपन्न

बून्दी (निसं)। गुरूवार को होटल शगुन, पावर हाउस के सामने, नैनवां रोड मेंआयेजित एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का शुभारंभ नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल के द्वारा किया गया। जिला रोजगार अधिकारी भैरूप्रकाश नागर ने बताया कि इस शिविर में गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड बून्दी, वरूण बेवरेज कापरेन, कुल 24 संस्थानों ने शिविर में भाग लिया।

एस.यू.पी.डब्ल्यू. शिविर का समापन

रामगंजमंडी, (निसं)। वात्सल्य माध्यमिक विद्यालय रामगंजमंडी का तीन दिवसीय एसयूपीडब्ल्यू शिविर का 30 जनवरी गुरुवार को समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा परिवार के ब्लॉक अध्यक्ष भवानी शंकर शेरावत थे व अध्यक्षता जर्नलिस्ट वेलफेयर सोसायटी (पत्रकार संघ) रजि.रामगंजमंडी अध्यक्ष जितेन्द्र जोशी ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजू राठौर, जय शर्मा, रवि मेहरा, युवराज देवड़ा, अतुल रहे। सर्वप्रथम सभी अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात शाला के प्रधानाध्यापक राजेंद्र धानिया के द्वारा बताया गया की प्रथम दिवस में छात्र-छात्राओं के द्वारा गोवर्धनपुरा माताजी मंदिर परिसर में श्रमदान किया गया द्वितीय दिवस में कई प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें दौड़ में लड़कों में हाशिम प्रथम व लड़कियों में प्रियंका प्रथम रही। तीन टांग प्रतियोगिता में लड़कों में किशन व नितेश व लड़कियों में मनीषा व ईरम, नींबू चम्मच दौड़ में लड़कों में हाशिम व लड़कियों में दीपिका, बोरी गेम में जैनब, रस्सी कूद में सीनियर में किशन व जूनियर में विवेक,चेयर डांस में लड़कों में रविन्द्र कुमार महावर लड़कियों में रौनक, मेहंदी प्रतियोगिता में टीना प्रथम व रवीना द्वितीय रंगोली प्रतियोगिता में अनम प्रथम व संजना द्वितीय सफाई कार्य में अमन व खाना प्रतियोगिता में जैनब प्रथम व लड़कों में अमन वर्मा रहे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी गई। जिसे अतिथियों ने खूब सराहा। छात्र-छात्राओं को अतिथियों के द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही आये हुए सभी अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामनाएं कि व उन्हें कैरियर गाईडेंस के बारे में जानकारी दी। शाला के प्रधानाध्यापक राजेंद्र धानिया के द्वारा आये हुए सभी अतिथियों का आभार जताया।

श्रद्धांजलि अर्पित की

झालावाड़ (निसं)। मदरसा हमीदिया स्कूल में गुरूवार को राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं अध्यापकों ने महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजली दी। हमीदिया स्कूल के सदर अ.नफीस ने कहा कि गांधीजी के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें अपने कार्य करने चाहिये।

जागरुकता पखवाड़े का आगाज

बूंदी (निसं)। राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलने वाला जागरूकता पखवाड़ा गुरुवार से शुरू हुआ। गुरुवार को स्वास्थ्य भवन मे जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ इस अवसर सीएमएचओ डॉ सामर ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के चित्र पर माल्यार्पण कर पखवाड़े का आगाज किया उन्होंने इस अवसर पर कुष्ट रोगियों को दवाइयां एवं उपहार प्रदान कर संदेश देते हुए कहा कि विकसित भारत अभियान के अवसर पर हम सब मिलकर बूँदी जिले को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग का निदान करना आसान है और इसका इलाज भी संभव है। हम जिले में कुष्ठ रोग के सभी मामलों को यथाशीघ्र खोजने का प्रयास करेंगे।